मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-214
25/05/2022

डॉ0 केवल प्रसाद सिन्हा के निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना, 25 मई, 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने के0एस0 कॉलेज, दरभंगा के पूर्व प्रधानाचार्य एवं समता पार्टी के संस्थापक सदस्य डॉ0 केवल प्रसाद सिन्हा के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा है कि वे एक शिक्षाविद् थे। वे समता पार्टी के संस्थापक सदस्य भी थे और हमेशा पार्टी के कार्यों में हेतु बढ़–चढ़कर हिस्सा लेते थे। वे पार्टी के प्रति पूर्णतः समर्पित थे। उनके निधन से सामाजिक, राजनीतिक एवं शैक्षणिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुयी है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******